एन एच पी सी लिमिटेड
(भारत सरकार का एक नवरत्न उद्यम)
NHPC Limited
(A Government of India Navratna Enterprise)

धौलीगंगा पावर स्टेशन
DHAULIGANGA POWER STATION
पोस्ट बॉक्स न. 1, तपोवन, धारचूला,
P.B. No. 1, Tapovan, Dharchula,
जनपद पिथौरागढ़(उत्तराखंड)-262545/
Distt. Pithoragarh (Uttarakhand)-262545
ईमेल/Email- hr-dhauliganga@nhpc.nic.in

संख्या एनएच/डीजीपीएस/मा.सं/अप्रेंटिस/2024- 1439

दिनांक 24.12.2024

## अधिसूचना

एनएचपीसी लिमिटेड (एक नवरत्न कम्पनी) की ईकाई धौलीगंगा पावर स्टेशन द्वारा शिक्षुता अधिनियम 1961 के तहत वर्ष 2024-2025 के लिए एक वर्ष के अप्रेंटिसशिप प्रशिक्षण हेतु पात्र उम्मीदवारों से निम्नलिखित अनुशासन में आवेदन आमंत्रित है:-

| क्रम संख्या | ट्रेडस/अनुशासन | सीटों की संख्या | आवश्यक न्यूनतम शैक्षिणिक/तकनीकी योग्यता | उम्र |
|---|---|---|---|---|
| **श्रेणी-1 : नामित ट्रेड अप्रेंटिस** | | | | |
| 1 | इलेक्ट्रीशियन | 15 | उम्मीदवारों को मान्यता प्राप्त बोर्ड से 10वीं या इसके समकक्ष परीक्षा(10+2 परीक्षा प्रणाली के तहत) उत्तीर्ण होना चाहिए और उनके पास एनसीवीटी/एससीवीटी/मान्यता प्राप्त तकनीकी शिक्षा बोर्ड दवारा अनुमोदित संबंधित ट्रेड में आईटीआई उत्तीर्ण प्रमाण पत्र होना अनिवार्य है । | न्यूनतम 18 वर्ष अधिकतम 30 वर्ष |
| 2 | फिटर | 06 | | |
| 3 | वेल्डर | 04 | | |
| 4 | वायरमैन | 06 | | |
| 5 | कोपा (कंप्यूटर ऑपरेटर) | 10 | | |
| **श्रेणी-2 : तकनीकी/डिप्लोमा अप्रेंटिस** | | | | |
| 1 | विद्युत | 07 | उम्मीदवारों को राज्य सरकार द्वारा स्थापित राज्य परिषद या तकनीकी शिक्षा बोर्ड या राज्य सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त विश्वविद्ययालय/राज्य अथवा केन्द्र सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त संस्थान से इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग/सिविल इंजीनियरिंग या प्रौद्योगिकी में डिप्लोमा उत्तीर्ण होना अनिवार्य है । | न्यूनतम 18 वर्ष अधिकतम 30 वर्ष |
| 2 | सिविल | 06 | | |

**पात्रता :-**

1. प्रशिक्षु उम्मीदवारों के पास संबंधित अनुशासन में उक्त उल्लिखित न्यूनतम आवश्यक योग्यता होनी चाहिए। जिन अभ्यर्थियों के परिणाम नही आए है वे आवेदन नही करें ।
2. जिन उम्मीदवारों ने वर्ष-2020 के बाद संबंधित अनुशासन में अपना डिप्लोमा पूरा किया है, केवल वे ही श्रेणी-2 तकनीकी/डिप्लोमा अप्रेंटिस के लिए आवेदन के पात्र है ।
3. उम्मीदवार को इस अधिसूचना के अनुसार आयु संबंधी मानदंडों को पूरा करना होगा।
4. पूर्व में इस प्रकार का एक वर्ष का प्रशिक्षण/अनुभव प्राप्त उम्मीदवार और ऐसे विगत प्रशिक्षण को छोडकर भाग जाने वाले उम्मीदवार आवेदन करने के पात्र नही है।

**वृत्ति(स्टाइपेंड) :-**

1. शिक्षुता अधिनियम 1961 और /या कोशल विकास और उदयमिता मंत्रालय, भारत सरकार की अधिसूचना या समय-समय पर उसके संशोधनों के अनुसार प्रशिक्षण अवधि के दोरान श्रेणी-2 तकनीकी/डिप्लोमा अप्रेंटिसशिप को सरकारी शेयर सहित 8,000/- रूपये और श्रेणी-1 नामित ट्रेड अप्रेंटिस को 7,700/- रूपये (कोपा (कंप्यूटर ऑपरेटर) एवं 8,050/- रूपये (इलेक्ट्रीशियन, फिटर, वेल्डर, वायरमैन) की मासिक वृत्ती का भुगतान किया जाएगा। इसके अतिरिक्त प्रशिक्षु किसी अन्य भत्ते या लाभ के पात्र नही होंगे ।

धौलीगंगा पावर स्टेशन
DHAULIGANGA POWER STATION
पोस्ट बॉक्स न. 1, तपोवन, धारचूला,
P.B. No. 1, Tapovan, Dharchula,
जनपद पिथौरागढ़(उत्तराखंड)-262545/
Distt. Pithoragarh (Uttarakhand)-262545
ईमेल/Email- hr-dhauliganga@nhpc.nic.in

**वरीयता:-** अप्रेंटिस प्रशिक्षुकों के चयन में निम्नानुसार प्रथमिकता दी जाएगी :-

1. पहले नंबर पर धौलीगंगा पावर स्टेशन के परियोजना प्रभावितो बच्चों को प्राथमिकता दी जाएगी।
2. दूसरे नंबर पर परियोजना प्रभावित क्षेत्र/जिले के बच्चों को प्राथमिकता दी जाएगी ।
3. तीसरें नंबर पर उत्तराखण्ड राज्य एवं अन्य जिलें के बच्चों को प्राथमिकता दी जाएगी।
4. अन्य राज्य के उम्मीदवार को चौथी प्राथमिकता दी जाएगी।

**अप्रेंटिस प्रशिक्षण की अवधि** :- प्रशिक्षण की अवधि एक वर्ष की होगी और अप्रेंटिसशिप पोर्टल के तहत किया गया अनुबंध प्रशिक्षण अवधि के पूरा होने के बाद स्वत: समाप्त हो जाएगा।

**आरक्षण:-** सीटों का आरक्षण शिक्षुता अधिनियम 1961 के प्रासंगिक नियमों और उसके अंतर्गत समय-समय पर संशोधित नियमों के अनुसार होगा।

**न्यूनतम शरीरिक मानदंड** :- शिक्षुता नियम 1962 के खंड 4 में निर्धारित मानदंडों के अनुरूप प्रशिक्षुओं के न्युनतम शारीरिक मानदंड होने चाहिए । प्रशिक्षण के समय उम्मीदवार को सक्षम प्राधिकारी (सरकारी प्रतिष्ठान) द्वारा जारी मेडिकल फिटनेस प्रमाण पत्र जमा करना होगा।

**आवेदन कैसे करें :-**

**चरण-I**

**श्रेणी-1 नामित ट्रेड अप्रेंटिस के लिए:-**

1. उम्मीदवार को अधिसूचना में उल्लिखित नियमों और शर्तो से अवगत होना चाहिए ।
2. अप्रेंटिसशिप के लिए आवेदन करने से पहले उम्मीदवार के पास वैध आधार नंबर, मोबाइल नंबर और ई-मेल आईडी होना चाहिए।
3. इच्छुक आईटीआई उतीर्ण उम्मीदवारों को पहले स्वयं का पंजीकरण कराना होगा और अप्रेंटिस वेबसाइट https://www.apprenticeshipindia.gov.in पर अपना प्रोफाइल भरना होगा।

**श्रेणी-2 तकनीकी/डिप्लोमा अप्रेंटिस के लिए:-**

1. उम्मीदवारों को अधिसूचना में उल्लिखित नियमों और शर्तो से अवगत होना चाहिए ।
2. अप्रेंटिसशिप के लिए आवेदन करने से पहले उम्मीदवार के पास वैध आधार नंबर, मोबाइल नंबर और ई-मेल आईडी होना चाहिए।
3. इच्छुक डिप्लोमा पास उम्मीदवारों को पहले अप्रेंटिस वेबसाइट यानी https://nats.education.gov.in पर पंजीकरण करना होगा ।

**चरण-II**

1. उम्मीदवारों को अनुलग्नक-I में संलग्न आवेदन पत्र भरना होगा ।
2. उम्मीदवारों को अपनी शैक्षिक योग्यता एवं मार्कशीट, स्थाई निवास प्रमाण पत्र, परियोजना प्रभावित परिवार (पीएएफ) के सदस्य को प्रमाणित करने वाले दस्तावेजो, आधार कार्ड की प्रति आदि की स्व-सत्यापित प्रतियों के साथ नीचे दिए गए पते पर अपना आवेदन पोस्ट/रिजस्टर्ड पोस्ट से भेजना होगा या बाई हैंड जमा करना होगा।

प्रबंधक (मानव संसाधन)
धौलीगंगा पावर स्टेशन
पोस्ट बॉक्स न॰ 1, तपोवन, धारचूला,
जनपद पिथौरागढ़ (उत्तराखंड)-262545

एनएचपीसी
NHPC
एनएचपीसी लिमिटेड
(भारत सरकार का एक नवरत्न उद्यम)
NHPC Limited
(A Government of India Navratna Enterprise)

धौलीगंगा पावर स्टेशन
DHAULIGANGA POWER STATION
पोस्ट बॉक्स न. 1, तपोवन, धारचूला,
P.B. No. 1, Tapovan, Dharchula,
जनपद पिथौरागढ़(उत्तराखंड)-262545/
Distt. Pithoragarh (Uttarakhand)-262545
ईमेल/Email- hr-dhauliganga@nhpc.nic.in

विधिवत भरे हुए आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि 10.01.2025 (सांय 05:00 बजे) है।

चयन:-

1. अप्रेंटिस प्रशिक्षुओं (श्रेणी-। और श्रेणी-।।) का चयन प्राथमिकता के अनुरूप योग्यता के आधार पर होगा। मेरिट सूची आईटीआई /डिप्लोमा में प्राप्त अंको के आधार पर तैयार की जाएगी। यदि मेरिट सूची तैयार करते समय दो या दो से अधिक उम्मीदवार समान अंक प्राप्त करते है, तो अधिक आयु वाले उम्मीदवार को मौका दिया जाएगा।
2. शॉटलिस्ट किए गए उम्मीदवारों को उनका प्रशिक्षण पत्र उनके पजीकृत ईमेल आईडी पर भेजा जाएगा।
3. शॉटलिस्ट किए गए उम्मीदवारों को उपने सभी मूल प्रमाण पत्रों यथा शैक्षिक प्रमाण पत्र, मार्कशीट और प्रमाण पत्र, जाति/जनजाति प्रमाण पत्र, स्थाई निवास, आधार कार्ड, पैन कार्ड, लागू होने के स्थिति में परियोजना प्रभावित परिवार (पीएएफ) के सदस्य को प्रमाणित करने वाले दस्तावेजो आदि को सत्यापन के समय प्रस्तुत करने होंगें। आवेदक द्वारा आवेदन में दी गई कोई भी जानकारी /दावा गलत पाए जाने पर उसकी उम्मीदवारी रदद कर दी जाएगी और नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

सामान्य शर्ते :-

1. किसी भी रूप में प्रचार को अयोग्यता का आधार माना जाएगा।
2. उपयुक्त सीटें पावर स्टेशन की आवश्यकता के अनुसार घट-बढ़ सकती है।
3. प्रबंधन के पास बिना कारण बताए किसी भी आवेदन को अस्वीकार करने या आवेदन प्रक्रिया को संशोधित करने या पूरी अधिसूचना या उसके किसी हिस्से को रदद करने का अधिकार होगा।
4. प्रशिक्षण के लिए चयनित उम्मीदवारों के पास इस चयन के कारण एनएचपीसी लिमिटेड और इसकी किसी भी इकाई में नियुक्ति का अधिकारी नही होगा।
5. चयनित उम्मीदवारों को कोई आवास(या कोई अन्य सुविधा) प्रदान नही की जाएगी। प्रशिक्षण अवधि के दौरानउन्हें अपने रहने की व्यवस्था स्वयं करनी होगी।
6. प्रशिक्षुओं को चयन/नियुक्ति अप्रेंटिसशिप अधिनियम 1961के विस्तृत प्रावधानों के अधीन होगी।
7. अन्य जानकारी <u>hr-dhauliganga@nhpc.nic.in</u> से प्राप्त की जा सकती है ।

नोट:-

आवेदन स्पष्ट रूप से नोट कर लें कि आवेदन अपूर्ण होने या उसकी प्राप्ति में किसी भी कारण से विलंब होने पर आवेदन की अस्वीकृति के लिए एचएचपीसी लिमिटेड की ईकाई धौलीगंगा पावर स्टेशन जिम्मेदार नहीं होगी। इसके लिए अभ्यर्थी पूर्णतया जिम्मेदार होगा।

24/12/24

प्रबंधक(मानव संसाधन)
धौलीगंगा पावर स्टेशन
एनएचपीसी लिमिटेड

स्वहित एवं राष्ट्रहित में ऊर्जा बचाएं / Save Energy for Benefit of Self and Nation
बिजली से संबंधित शिकायतों के लिए 1912 डायल करें / Dial 1912 for Complaints on Electricity
CIN: L40101HR1975GOI032564
**Power Behind Green Power**
www.nhpcindia.com @nhpcltd @NHPCIndiaLimited nhpclimited NHPC Limited NHPC Limited

Annexure-I

Paste your recent passport size color photograph (Don't Staple)

# Biodata

# Apprenticeship Training

1. Registration No. of Applicant on NCVT MIS portal : ..................................................
2. Application for Apprentice Training in the Trade of: ..................................................
3. Name of Candidate: ..................................................
4. Father Name: ..................................................
5. Mother Name: ..................................................
6. Date of Birth: ..................................................
7. Category: SC / ST / OBC / GEN: ..................................................
8. Address for Communication : ..................................................

   P.O. - .............................. City .............................. District .............................. Pincode..................
9. Email ID : ..................................................
10. Mobile Number: .............................. Aadhar Number : ..............................
11. Bank Details: A/c No. .............................. Bank Name and IFS Code : ..............................
12. Qualification: ..................................................

| Qualification | Name of the School/Institute/ with Address | Year of passing | Board | Subjects / Trade | % of Marks obtained |
|---|---|---|---|---|---|
| 10th | | | | | |
| 12th | | | | | |
| ITI (Specify Trade) | | | | | |
| Any Other | | | | | |

13. Details of Apprentice Training / Other Training Obtained previously, if any

14. Undertaking :

   a. I certify that the above mentioned information is correct and true as per my knowledge.

   b. I also certify that I am well aware of the fat that the on selection as apprentice, I do not have any claim/right for regular employment in NHPC or its projects.

   c. I have not pursued apprenticeship in any organization.

Signature of Candidate : ____________

Date : ____________

Name in full : ____________

Place : ____________